दैनिक जागरण 1 दिसम्बर 23

दून विवि की डा. प्रीति मिश्रा को एसईआरबी मोबिलिटी अवार्ड

जागरण संवाददाता, देहरादून: दून विश्वविद्यालय के स्कूल आफ टेक्नोलाजी की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. प्रीति मिश्रा को केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वर्ष 2023-2024 के लिए विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड का पुरस्कार दिया है।

कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने बताया कि डा. मिश्रा क्लाउड कंप्यूटिंग और सिक्योरिटी के क्षेत्र में उभरती हुई महिला शोध विज्ञानी हैं। सर्ब पावर मोबिलिटी फेलोशिप एक प्रतिष्ठित अवार्ड है। यह उत्कृष्ट विद्वानों और अनुसंधान के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जाता है। नवंबर 2023 में पूरे देश में 20 से भी कम अभ्यर्थियों को यह अनुदान दिया गया है। इस अवार्ड के लिए डा. मिश्रा ने विभिन्न आइआइटी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आइआइएससी बेंगलुरु और

डा प्रीति मिश्रा • साभार- विवि

एनआइटी संस्थाओं के संकाय सदस्यों के साथ एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। डा. प्रीति यह अनुदान और पुरस्कार प्राप्त करने वाली उत्तराखंड की पहली एवं एकमात्र महिला शिक्षाविद हैं। इस ग्रांट की मदद से वह इंटरप्रेटेबल मशीन लर्निंग बेस्ड मैलवेयर डिटेक्शन माडल टू आइडेंटिफाई एडवर्सरिअल एग्जांपल्स इन वर्चुलाइजेशन एनवायरनमेंट विषय पर शोध कर रही हैं।